स्पीड पोस्ट

संख्या-1/744 जेड (2) /छः-2014-07 पी0पी0/2014

प्रेषक,

जी0पी0 कमल,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन ।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश। (अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, बदायूँ, बुलन्दशहर, बांदा, चित्रकूट, इटावा, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुड़, हरदोई, जालौन, मऊ, मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, रायबरेली, सन्तकबीर नगर, शामली, सहारनपुर, सम्भल, को छोड़कर)

राजनैतिक पेंशन अनुभाग-2 लखनऊ, दिनांक 11 दिसम्बर, 2014

विषय- केन्द्रीय स्वतंत्रता सैनिक सम्मान पेंशन का भुगतान दिनांक 01-10-2014 से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको से किये जाने के संबंध में।

महोदय,

आप अवगत ही है कि गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा केन्द्रीय स्वतंत्रता सैनिक सम्मान पेंशन का भुगतान दिनांक 01-10-2014 से अनिवार्य रूप से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको से कराये जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार उ0प्र0 राज्य के कोषागारों से उपलब्ध कराये गये केन्द्रीय पेंशन/आश्रित पारिवारिक पेंशन प्राप्तकर्ताओं के पी0पी0ओ0/एल0पी0सी0 एवं अन्य सुसंगत अभिलेख भारत सरकार को हस्तगत कराये जा चुके है।

2- उल्लेखनीय है कि कतिपय पेंशन प्राप्तकर्ताओं द्वारा केन्द्रीय पेंशन प्राप्त न होने की स्थिति में यह जानकारी चाही जा रही है कि उनकी पेंशन का भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा है। अतः इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि यदि किसी केन्द्रीय पेंशन प्राप्तकर्ता द्वारा अपनी पेंशन भुगतान में हो रहे विलम्ब के संबंध में कोई जानकारी मांगी जाती है तो कृपया उन्हें भारत सरकार द्वारा एतदर्थ दिये गये निर्देशों से भली-भांति अवगत करा दें, ताकि पेंशन प्राप्तकर्ता अनावश्यक रूप से परेशान न हो।

भवदीय,
ह/0
(जी0पी0 कमल)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-1/744 (1) जेड (2) /छः-2014, तददिनांक

प्रतिलिपि- समस्त संबंधित वरिष्ठ कोषाधिकारी, उ0प्र0 को उपर्युक्त निर्देशों के अनुपालनार्थ प्रेषित।

आज्ञा से,

ह0

(स्वामी नाथ पाण्डेय)

उप सचिव

http://Shasanadesh.up.nic.in